**JK**

**Roll No.** ___________________________

**O.M.R. Serial No. :** | | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| |

# B.A. VI Semester (NEP) Examination, 2025-26

## Hindi

### (भाषा-विज्ञान, हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि)

| Question Booklet Series |
|---|
| **B** |

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 1 | 0 | 6 | 0 | 1 | T |

**Time : 1 : 30 Hours ]** **[ Maximum Marks : 75**

***Instructions to the Examinee :***

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. **All** questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as – A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

***(Remaining instructions on the last page)***

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :***

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गये हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, तो उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C तथा D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

***(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)***

**Rough Work**

रफ कार्य

1. सन् 1955 में राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त राजभाषा आयोग में कितने सदस्य थे?

(A) 15

(B) 17

(C) 19

(D) 21

2. देवनागरी लिपि का सर्वप्रथम प्रयोग कहाँ हुआ था?

(A) पाणिनी कृत अष्टाध्यायी में

(B) जयभट्ट के शिलालेख में

(C) अमीर खुसरो की पुस्तकों में

(D) अपभ्रंश साहित्य में

3. हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है?

(A) पालि-प्राकृत-हिन्दी-अपभ्रंश

(B) पालि-अपभ्रंश-प्राकृत-हिन्दी

(C) अपभ्रंश-पालि -प्राकृत-हिन्दी

(D) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी

4. सही युग्म चुनिए-

(A) पश्चिमी हिन्दी - कन्नौजी

(B) बिहारी हिन्दी - मारवाड़ी

(C) पूर्वी हिन्दी - भोजपुरी

(D) पहाड़ी हिन्दी - बघेली

5. 'मेवाती' किस उपभाषा वर्ग की बोली है?

(A) पूर्वी हिन्दी

(B) राजस्थानी हिन्दी

(C) बिहारी हिन्दी

(D) पहाड़ी हिन्दी

6. 'बाँगरू' किस उपभाषा वर्ग की बोली है?

(A) पूर्वी हिन्दी

(B) बिहारी हिन्दी

(C) पश्चिमी हिन्दी

(D) पहाड़ी हिन्दी

7. 'पटना' किस बोली का क्षेत्र है?

(A) मैथिली

(B) मगही

(C) भोजपुरी

(D) उपर्युक्त सभी

8. निम्न में कौन सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है?

(A) ब्रजभाषा

(B) बघेली

(C) कन्नौजी

(D) बुंदेली

9. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत है?
   (A) अवधी - पूर्वी हिन्दी
   (B) ब्रजभाषा - पश्चिमी हिन्दी
   (C) भोजपुरी - पूर्वी हिन्दी
   (D) खड़ी बोली - पश्चिमी हिन्दी

10. निम्नलिखित में से कौन-सी बोली पश्चिमी हिन्दी के अन्तर्गत आती है?
   (A) ब्रज
   (B) अवधी
   (C) भोजपुरी
   (D) बघेली

11. राजभाषा विभाग द्वारा वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई पुस्तकें हैं-
   (A) हिन्दी प्रबोध
   (B) लीला हिन्दी प्रवीन
   (C) लीला हिन्दी प्राज्ञ
   (D) ये सभी

12. पश्चिमी हिन्दी की कितनी बोलियाँ हैं?
   (A) 3
   (B) 5
   (C) 4
   (D) 2

13. राजस्थानी हिन्दी की कितनी बोलियाँ हैं?
   (A) 3
   (B) 5
   (C) 4
   (D) 2

14. निम्न में से कौन सी ध्वनि कंठ्य है-
   (A) ई
   (B) फ
   (C) ह
   (D) त

15. स्पर्श व्यंजन, ओष्ठ ध्वनि, अघोष और महाप्राण ध्वनि है?
   (A) प
   (B) फ
   (C) ब
   (D) भ

16. वर्ण तालिका के अनुसार ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत क्या है?
   (A) व्यंजन
   (B) विसर्ग
   (C) स्वर
   (D) उपर्युक्त सभी

17. दो व्यंजन जब एक साथ मिलते है तो क्या कहलाते है?
   (A) संयुक्त व्यंजन
   (B) संपृक्त
   (C) उपर्युक्त दोनों
   (D) इनमें से कोई नहीं

18. 'य' का उच्चारण स्थान है-

(A) ओष्ठ्य

(B) दंत

(C) मूर्धा

(D) तालू

19. निम्न में कौन-सी ध्वनि महाप्राण नहीं है?

(A) ह

(B) स

(C) ड

(D) ष

20. प्रयत्न के आधार पर 'र' किस प्रकार की ध्वनि है?

(A) लुण्ठित

(B) पार्श्विक

(C) ताड़न जाट

(D) उत्छिप्त

21. 'त्र' वर्ण किसके योग से बना है?

(A) त्+र

(B) त+र

(C) त+त्

(D) र+त्

22. घोष किसे कहते है?

(A) जिस ध्वनि में कंपन होती है

(B) जिस ध्वनि में कंपन नहीं होती है

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

23. 'क्ष' ध्वनि किसके अंतर्गत आती है?

(A) मूल स्वर

(B) संयुक्त वर्ण

(C) घोष वर्ण

(D) अघोष वर्ण

24. निम्न में बताइए कि किस शब्द में द्वित्व व्यंजन है?

(A) पुनः

(B) इलाहाबाद

(C) दिल्ली

(D) उत्साह

25. निम्न में कंठ्य ध्वनियाँ कौन सी है?

(A) क, ख

(B) ग, घ

(C) अ, अः

(D) उपर्युक्त सभी

26. ढ़, ड़ व्यंजन को किस नाम से जानते है-

(A) उत्छिप्त

(B) द्विगुण

(C) ताड़नजात

(D) उपर्युक्त सभी

27. जिन शब्दों के अंत में 'अ' आता है, उन्हें क्या कहते है?

(A) अनुस्वार

(B) अकारांत

(C) आकारान्त

(D) अयोगवाह

28. बाप का संबंध वाचक संज्ञा रूप होगा।

(A) बापा

(B) बपौती

(C) बापती

(D) बपौता

29. 'द्वार-द्वार' भटकाना में प्रयुक्त द्विरूक्ति 'द्वार-द्वार' है-

(A) पारस्परिक संबंध बताने के अर्थ में

(B) भेद बताने के अर्थ में

(C) अतिशयता प्रकट करने के अर्थ में

(D) समग्रता प्रकट करने के अर्थ में

30. निम्नलिखित में से कौन-सी व्यक्ति वाचक संज्ञा है?

(A) बहन

(B) कलम

(C) पानी

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

31. 'दासत्व' किस प्रकार की संज्ञा है?

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(B) पदार्थवाचक संज्ञा

(C) भाववाचक संज्ञा

(D) जातिवाचक संज्ञा

32. पूर्वी हिंदी के अन्तर्गत कौन-सी बोली नहीं आती है?

(A) अवधी

(B) बघेली

(C) छत्तीसगढ़ी

(D) भोजपुरी

33. निम्नलिखित में से कौन-सी पहाड़ी हिन्दी की बोली नहीं है?

(A) कुमाऊँनी

(B) गढ़वाली

(C) बघेली

(D) नेपाली

34. वर्तमान में हिन्दीभाषी राज्यों की संख्या कितनी है?

(A) 12

(B) 13

(C) 14

(D) 15

35. निम्नलिखित में से कौन-सी हिन्दी की उपभाषा नहीं है?

(A) पश्चिमी हिन्दी

(B) पूर्वी हिन्दी

(C) बिहारी हिन्दी

(D) उपनागर

36. लखनऊ, बाराबंकी, इलाहाबाद इत्यादि जनपद में किस बोली का प्रयोग होता है?

(A) ब्रज

(B) अवधी

(C) भोजपुरी

(D) उपर्युक्त सभी

37. निम्नलिखित में से किस राज्य की प्राथमिक भाषा हिन्दी नहीं है?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) राजस्थान

(C) हरियाणा

(D) गुजरात

38. सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?

(A) 4

(B) 5

(C) 6

(D) 7

39. वे शब्द, जिनकी व्युत्पत्ति का स्रोत ज्ञात नहीं हो पाता कहलाते है?

(A) देशज शब्द

(B) प्राकृतिक शब्द

(C) संकर शब्द

(D) अनुकरणात्मक शब्द

40. 'संकर' शब्द का अर्थ है

(A) तत्सम

(B) तद्भव

(C) विदेशज

(D) दो भाषाओं से मिलकर बना शब्द

41. रचना के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते है?

(A) 2

(B) 3

(C) 4

(D) 5

42. 'वीणापाणि' शब्द है

(A) रूढ़

(B) योगरूढ़

(C) यौगिक

(D) मिश्रित

43. 'अविकारी' शब्द होता है

(A) संज्ञा

(B) सर्वनाम

(C) अव्यय

(D) विशेषण

44. निम्न में से शुद्ध कौन सा है

(A) कवियत्री

(B) कवियित्री

(C) कवयित्री

(D) कवयत्री

45. राम पढ़ता है।

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्रित वाक्य

(D) इनमें से कोई नहीं

46. उसने परिश्रम तो बहुत किया किन्तु सफलता नहीं मिली।

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्रित वाक्य

(D) इनमें से कोई नहीं

47. यदि सही दिशा में परिश्रम करोगे तो अवश्य सफल हो जाओगे।

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्रित वाक्य

(D) इनमें से कोई नहीं

48. वाक्य के घटक होते है-

(A) उद्देश्य और विधेय

(B) संयुक्त वाक्य

(C) कर्म और क्रिया

(D) कर्म और विशेषण

49. हिंदी में कितने लिंग होते है?

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

50. हिंदी में वचन कितने होते है?

(A) 7

(B) 6

(C) 2

(D) 4

51. 'हिंदी का विकास' पुस्तक के लेखक हैं-

(A) धीरेन्द्र वर्मा

(B) श्याम सुन्दर दास

(C) हरदेव बाहरी

(D) उदय नारायण तिवारी

52. 'हिंदी भाषा का इतिहास' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) धीरेंद्र वर्मा

(B) श्यामसुंदर दास

(C) हरदेव बाहरी

(D) उदय नारायण तिवारी

53. ''भाषा याद्दच्छिक वाक्य प्रतीकों की वह व्यवस्था है जिसके द्वारा मानव समुदाय परस्पर व्यवहार करता है।'' यह परिभाषा किसकी है?

(A) बाबूराम सक्सेना

(B) भोलानाथ तिवारी

(C) डॉ. देवी शंकर द्विवेदी

(D) सुमित्रानंदन पंत

54. ''व्यक्ति के मानसिक विकास के लिए मातृभाषा का ज्ञान उतना ही आवश्यक है जितना की शिशु-शरीर के विकास के लिए माता का दूध।'' भाषा के संदर्भ में यह परिभाषा किसकी है?

(A) महात्मा गाँधी

(B) रवींद्र नाथ टैगोर

(C) डॉ भीमराव अंबेडकर

(D) धीरेंद्र वर्मा

55. प्राकृत भाषा का संबंध किस धर्म से स्थापित किया जाता है?

(A) जैन धर्म

(B) बौद्ध धर्म

(C) हिंदू धर्म

(D) इनमें से कोई नहीं

56. निम्नलिखित में कौन भाषा विज्ञान वेत्ता है?

(A) हरदेव बाहरी

(B) वासुदेव नंदन

(C) डॉ. भोलानाथ तिवारी

(D) उपर्युक्त सभी

57. मध्यकालीन आर्य भाषा परिवार में किसे सम्मिलित किया जा सकता है?

(A) पालि

(B) प्रकृति

(C) अपभ्रंश

(D) उपर्युक्त सभी

58. भाषा की सार्थक इकाई है-

(A) वर्ण

(B) ध्वनि

(C) शब्द

(D) वाक्य

59. 'भाषा' शब्द किस धातु से निष्पन्न है?

(A) भष्

(B) भस्

(C) भाष्

(D) भाष

60. भारतीय आर्य भाषा परिवार का विभाजन है-

(A) प्राचीन आर्य भाषा परिवार

(B) मध्यकालीन आर्य भाषा परिवार

(C) आधुनिक आर्य भाषा परिवार

(D) उपर्युक्त सभी

61. 'त्रिपिटक' की भाषा है-

(A) पालि

(B) प्रकृति

(C) अपभ्रंश

(D) संस्कृत

62. विश्व में लगभग कितनी भाषाएं हैं?

(A) 1000

(B) 1500

(C) 2000

(D) 2800

63. विश्व की किन-किन भाषाओं का ज्ञान भाषा- -विज्ञानियों को नहीं हो पाया है?

(A) कुछ आदिवासियों की

(B) छोटे-बड़े कुछ टापुओं की

(C) कुछ जनजातियों की

(D) उपर्युक्त सभी

64. भारत में विश्व की किस भाषा परिवार कुल की भाषा नहीं बोली जाती है?

(A) भारोपीय

(B) द्रविड़

(C) आस्ट्रिक

(D) हेमेटिक

65. सामान्यतः अवहट्ट का समय माना जाता है-

(A) 900 ई.से 1100 ई.

(B) 700 ई. से 900 ई.

(C) 500 ई. से 700 ई.

(D) 1100 ई. से 1300 ई.

66. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन निम्न में कौन सी संस्था कार्य नहीं करती है?

(A) प्रकाशन विभाग

(B) राज भाषा विभाग

(C) पत्र सूचना कार्यालय

(D) आकाशवाणी

67. वैदिक संस्कृत है?

(A) प्राचीन भारतीय आर्यभाषा

(B) मध्य कालीन आर्यभाषा

(C) आधुनिक कालीन आर्यभाषा

(D) इनमें से कोई नहीं

68. भाषाओं के वर्गीकरण के प्रमुख भेद हैं?

(A) आकृतिमूलक वर्गीकरण

(B) पारिवारिक वर्गीकरण

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

69. बोलने वालों की संख्या और भौगोलिक व्यापकता की दृष्टि से सबसे बड़ा भाषा परिवार है?

(A) अमरीकी परिवार

(B) चीनी परिवार

(C) भारोपीय परिवार

(D) पापुई परिवार

70. भाषा की स्वभावगत विशेषताएँ है-

(A) भाषा परिवर्तनशील है

(B) भाषा अर्जित वस्तु है

(C) भाषा परम्परागत वस्तु है

(D) उपर्युक्त सभी

71. देवनागरी लिपि में लेखन और मुद्रण की दृष्टि से जो दोष थे, उनके निराकरण के लिए सर्वप्रथम प्रयास किसने किया?

(A) बाल गंगाधर तिलक

(B) राजा राम मोहन राय

(C) श्याम सुन्दर दास

(D) शिव कुमार सिंह

72. नागरी लिपि का मूल अर्थात प्राचीनतम रूप कहाँ मिलता है?

(A) हर्षवर्धन के शिलालेख में

(B) अशोक के शिलालेख में

(C) सम्राट चंद्र गुप्त के शिलालेख में

(D) पृथ्वीराज चौहान के शिलालेख में

73. देवनागरी लिपि का नाम है-

(A) नागर

(B) देवनागर

(C) लोक नागरी

(D) उपर्युक्त सभी

74. देवनागरी तथा हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए स्थापित सर्वाधिक प्राचीन संस्था है?

(A) हिन्दी प्रचार सभा

(B) नागरी प्रचारिणी सभा

(C) हिन्दी साहित्य सम्मेलन

(D) राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

75. हरियाणवी बोली का अन्य नाम नहीं है-

(A) जाटू

(B) बाँगरू

(C) अहीरों की बोली

(D) कौरवी

76. 'नागरी तेरी यह दशा' शीर्षक कविता के रचयिता हैं-

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(D) श्याम सुन्दर दास

77. कचहरियों में नागरी लिपि का प्रवेश कब हुआ?

(A) 1800 ई.

(B) 1900 ई.

(C) 1950 ई.

(D) इनमें से कोई नहीं

78. अपभ्रंश के परवर्ती रूप को 'पुरानी हिन्दी' सर्वप्रथम किसने कहा?

(A) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(C) जॉर्ज ग्रियर्सन

(D) किशोरी दास वाजपेयी

79. किस युग को ब्रजभाषा का स्वर्ण काल कहा जाता है?

(A) आदिकाल

(B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल

(D) आधुनिक काल

80. कविता में खड़ी बोली का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया?

(A) अमीरो खुसरो

(B) चन्दबरदाई

(C) स्वयंभू

(D) दलपति विजय

81. स्थापनाः (क) बोली का क्षेत्र भाषा की अपेक्षा छोटा होता है।

तर्कः (ख) क्योंकि एक भाषा के अन्तर्गत कई बोलियाँ हो सकती हैं।

(A) (क) सही (ख) गलत

(B) (क) गलत (ख) सही

(C) (क) गलत (ख) गलत

(D) (क) सही (ख) सही

82. स्थापनाः (क) अर्द्धमागधी से बिहारी हिन्दी का विकास हुआ।

तर्कः (ख) इसी से पहाड़ी हिन्दी भी निकली है।

(A) (क) सही (ख) गलत

(B) (क) गलत (ख) सही

(C) (क) गलत (ख) गलत

(D) (क) सही (ख) सही

83. स्थापनाः (क) कुछ विद्वानों ने उत्तरकालीन अपभ्रंश को ही अवहट्ट कहा है।

तर्कः (ख) विद्यापति ने कीर्तिलता की भाषा को अवहट्ट माना है।

(A) (क) सही (ख) गलत

(B) (क) गलत (ख) सही

(C) (क) गलत (ख) गलत

(D) (क) सही (ख) सही

84. प्राकृत भाषाओं को विभिन्न उपभाषाओं से सुमेलित कीजिए?

| | | |
|---|---|---|
| A | शौरसेनी | 1- पश्चिमी हिंदी |
| B | मागधी | 2- पहाड़ी हिंदी |
| C | अर्धमागधी | 3- पूर्वी हिंदी |
| D | खस | 4- बिहारी हिंदी |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (D) | 1 | 2 | 4 | 3 |

85. निम्नलिखित में से कौन भारोपीय परिवार की भाषा नहीं है?

(A) मराठी

(B) गुजराती

(C) तमिल

(D) हिन्दी

86. हिन्दी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?

(A) देवनागरी

(B) गुरूमुखी

(C) कुटिला लिपि

(D) ब्राह्मी लिपि

87. देवनागरी लिपि का गुण है-

(A) जो बोला जाता है वही लिखा जाता है

(B) एक ध्वनि के लिए एक ही वर्ण संकेत

(C) एक वर्ण में दूसरे वर्ण का भ्रम नही

(D) उपर्युक्त सभी

88. पंचमाक्षर के बदले अनुस्वार के प्रयोग का सुझाव किसने दिया?

(A) बाल गंगाधर तिलक

(B) श्यामसुन्दर दास

(C) श्रीनिवास

(D) काका कालेलकर

89. अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?

(A) शारदा लिपि

(B) खरोष्ठी लिपि

(C) कुटिला लिपि

(D) ब्राह्मी लिपि

90. वर्तमान हिन्दी का प्रचलित रूप है-

(A) अवधी

(B) ब्रजभाषा

(C) खड़ीबोली

(D) देवनागरी

91. भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानो का उल्लेख है?

(A) 343-351 तक

(B) 434-315 तक

(C) 443-135 तक

(D) 334-154 तक

92. 'हिन्दी दिवस' मनाया जाता है-

(A) 11 जून

(B) 14 सितम्बर

(C) 28 सितम्बर

(D) 10 अक्टूबर

93. भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल भाषाओं की संख्या है-

(A) 12

(B) 16

(C) 18

(D) 22

94. 8वीं अनुसूची में शामिल भाषा नहीं है-

(A) मैथिली

(B) हिन्दी

(C) अंग्रेजी

(D) उर्दू

95. राज भाषा आयोग का गठन कब किया गया?

(A) सन् 1954

(B) सन् 1955

(C) सन् 1956

(D) सन् 1957

96. संविधान के किस अनुच्छेद में कहा गया है कि संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी?

(A) 343

(B) 344

(C) 345

(D) 346

97. भारत की प्रथम देशभाषा कौन-सी है?

(A) वैदिक संस्कृत

(B) लौकिक संस्कृत

(C) पालि

(D) संस्कृत

98. उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा लिपि सुधार समिति का गठन किया गया।

(A) 1950

(B) 1953

(C) 1960

(D) 1947

99. भारत के उच्चतम-न्यायालय तथा उच्च-न्यायालयों के भाषा संबंधी निर्देश किस अनुच्छेद में दिया गया है?

(A) अनु. 344

(B) अनु. 346

(C) अनु. 348

(D) अनु. 120

100. खड़ी बोली हिन्दी का साहित्यिक रूप किस शताब्दी में विकसित हुआ?

(A) 18 वीं शताब्दी

(B) 19 वीं शताब्दी

(C) 20 वीं शताब्दी

(D) 21 वीं शताब्दी

**Rough Work**

रफ कार्य

***Example :***

**Question :**

**Q. 1** (A) ● (C) (D)

**Q. 2** (A) (B) ● (D)

**Q. 3** (A) ● (C) (D)

5. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.
6. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.
7. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.
8. After the completion of the examination candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.
9. There will be no negative marking.
10. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.
11. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.
12. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question booklet, then after showing it to the invigilator, get another question booklet of the same series.**

***उदाहरण :***

**प्रश्न :**

**प्रश्न 1** (A) ● (C) (D)

**प्रश्न 2** (A) (B) ● (D)

**प्रश्न 3** (A) ● (C) (D)

5. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
6. सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
7. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।
8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।
9. निगेटिव मार्किंग नहीं है।
10. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।
11. परीक्षा कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।
12. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें।**